Series : CQQPP/2

SET ~ 3

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **32/2/3**

रोल नं.
Roll No.

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

**नोट / NOTE :**

(i) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **12** (**मानचित्र** सहित) हैं ।
Please check that this question paper contains **12** printed pages (Including **Map**).

(ii) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
Q.P. Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.

(iii) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **13** प्रश्न हैं ।
Please check that this question paper contains **13** questions.

(iv) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
**Please write down the Serial Number of the question in the answer-book before attempting it.**

(v) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period. ✱

# सामाजिक विज्ञान
# SOCIAL SCIENCE

*निर्धारित समय : **2** घण्टे*
*Time allowed : **2** hours*

*अधिकतम अंक : **40***
*Maximum Marks : **40***




ZOLLEGE.in

**सामान्य निर्देश :**

**निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से पालन कीजिए :**

*(i)* *प्रश्न-पत्र में कुल **13** प्रश्न हैं । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(ii)* *प्रश्न-पत्र **पाँच खण्डों** में विभाजित है – क, ख, ग, घ एवं ङ ।*

*(iii)* ***खण्ड–क** में प्रश्न संख्या **1** से **5** तक अति लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं और प्रत्येक प्रश्न **2** अंकों का है । इन प्रश्नों के उत्तर अधिकतम **40** शब्दों में दिए जाने चाहिए ।*

*(iv)* ***खण्ड–ख** में प्रश्न संख्या **6** से **8** तक लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं और प्रत्येक प्रश्न **3** अंकों का है । इन प्रश्नों के उत्तर अधिकतम **80** शब्दों में दिए जाने चाहिए ।*

*(v)* ***खण्ड–ग** में प्रश्न संख्या **9** और **10** दीर्घ-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं और प्रत्येक प्रश्न **5** अंकों का है । इन प्रश्नों के उत्तर अधिकतम **120** शब्दों में दिए जाने चाहिए ।*

*(vi)* ***खण्ड–घ** में प्रश्न संख्या **11** और **12** केस आधारित प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **4** अंकों का है ।*

*(vii)* ***खण्ड–ङ** में प्रश्न संख्या **13** मानचित्र आधारित प्रश्न है । यह प्रश्न **3** अंकों का है । यह दो भागों में विभाजित है – **13.1** इतिहास (**1** अंक) और **13.2** भूगोल (**2** अंक) ।*

*(viii)* *प्रश्न-पत्र में कोई समग्र विकल्प नहीं है । हालांकि कुछ प्रश्नों में आंतरिक चयन के विकल्प दिए गए हैं । इन प्रश्नों में से किसी **एक** विकल्प का उत्तर लिखना है ।*

*

**खण्ड – क**

**(अति लघु-उत्तरीय प्रश्न)** **2 × 5 = 10**

1. सविनय अवज्ञा आंदोलन के प्रति 'फेडरेशन ऑफ द इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स इंडस्ट्रीज' (FICCI) के विचारों का उल्लेख कीजिए । **2**

2. औद्योगिक प्रदूषण से स्वच्छ जल को कैसे बचाया जा सकता है ? **2**

3. कच्चे माल के आधार पर उद्योगों का वर्गीकरण कीजिए । **2**

4. सत्तारूढ़ और विपक्षी दलों में अंतर स्पष्ट कीजिए । **2**



ZOLLEGE.in

## General Instructions :

**Read the following instructions very carefully and strictly follow them :**

(i) *There are **13** questions in the question paper. **All** questions are compulsory.*

(ii) *This Question paper is divided into **five** Sections – **A, B, C, D** and **E**.*

(iii) ***Section A** – Question no. **1** to **5** are very short answer type questions of **2** marks each. Answer to each question should not exceed **40** words.*

(iv) ***Section B** – Question no. **6** to **8** are short answer type questions, carrying **3** marks each. Answer to each question should not exceed **80** words.*

(v) ***Section C** – Question no. **9** and **10** are long answer type questions, carrying **5** marks each. Answer to each question should not exceed **120** words.*

(vi) ***Section D** – Question no. **11** and **12** are **Case Based** questions, carrying **4** marks each.*

(vii) ***Section E** – Question no. **13** is **map** based, carrying **3** marks with **two** parts, 13.1 from History (**1** mark) and 13.2 from Geography (**2** marks).*

(viii) *There is no overall choice in the question paper. However, an internal choice has been provided in few questions. Only **one** of the choices in such questions have to be attempted.*

### SECTION – A

**(Very Short Answer Questions)** **2 × 5 = 10**

1. Mention the views of the Federation of the Indian Chamber of Commerce and Industries (FICCI) towards the Civil Disobedience Movement. **2**

2. How can the industrial pollution of fresh water be reduced ? **2**

3. Classify industries on the basis of raw materials. **2**

4. Differentiate between ruling and opposition parties. **2**



ZOLLEGE.in

5. निम्नलिखित स्रोत को पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **2**

**आवास ऋण**

मेघा ने घर खरीदने के लिए बैंक से ₹ 5 लाख का कर्ज लिया । इस कर्ज़ पर ब्याज की वार्षिक दर 12 प्रतिशत है और इस कर्ज़ को 10 साल में मासिक किश्तों में लौटाया जाना है । मेघा को बैंक से कर्ज़ लेने से पहले उसे अपनी नौकरी और वेतन संबंधी रिकार्ड दिखाने पड़ते हैं । बैंक नए घर के सभी कागज ऋणाधार के रूप में रख लेता है, जिन्हें मेघा द्वारा ब्याज समेत कर्ज़ लौटाने पर वापस किया जाएगा ।

5.1 मेघा ने किस प्रकार के ऋण स्रोत से कर्ज लिया ? **1**

5.2 इस स्रोत में दी गई ऋण की शर्तों की व्याख्या कीजिए । **1**

## खण्ड – ख

**(लघु–उत्तरीय प्रश्न)** **3 × 3 = 9**

6. (क) बैंक कुछ–एक उधार लेने वालों को ऋण क्यों नहीं देते हैं ? स्पष्ट कीजिए । **3**

**अथवा**

(ख) 'स्वयं सहायता समूहों' के कार्यों को स्पष्ट कीजिए । **3**

7. "महात्मा गांधी के विचारों और स्वराज की अवधारणा के बारे में मज़दूरों की अपनी समझ थी ।" असम के उदाहरण के साथ कथन को स्पष्ट कीजिए । **3**

8. राजनीतिक दलों का उदय सीधे तौर पर प्रतिनिधि लोकतंत्र के उद्‌भव से किस प्रकार जुड़ा हुआ है ? स्पष्ट कीजिए । **3**

## खण्ड – ग

**(दीर्घ–उत्तरीय प्रश्न)** **5 × 2 = 10**

9. (क) "महिलाओं के साथ गरिमा और समानता का व्यवहार लोकतंत्र समाज की जरूरी शर्त है ।" कथन को न्यायसंगत ठहराइए । **5**

**अथवा**

(ख) "भारत में लोकतंत्र ने समान स्थिति और समान अवसर के दावों को मजबूत किया है ।" इस कथन को न्यायसंगत ठहराइए । **5**



ZOLLEGE.in

5. Read the following source and answer the questions that follow : **2**

## A House Loan

Megha has taken a loan of ₹ 5 lakhs from the bank to purchase a house. The annual interest rate on the loan is 12 per cent and the loan is to be repaid in 10 years in monthly instalments. Megha had to submit to the bank, documents showing her employment records and salary before the bank agreed to give her the loan. The bank retained as collateral the papers of the new house, which will be returned to Megha only when she repays the entire loan with interest.

5.1 From which source of credit Megha has taken loan ? **1**

5.2 Explain the terms of credit given in the source. **1**

## SECTION – B

**(Short Answer type Questions)** **3 × 3 = 9**

6. (a) Explain, why the banks do not lend credit to certain borrowers ? **3**

**OR**

(b) Explain the functions of "Self Help Group". **3**

7. "Workers too had their own understanding of Mahatma Gandhi's thoughts and the notion of Swaraj." Explain the statement with the example of Assam. **3**

8. Explain, how the rise of political parties are directly linked to the emergence of representative democracies. **3**

## SECTION – C

**(Long Answer Type Questions)** **5 × 2 = 10**

9. (a) "Dignity and equal treatment of women are necessary ingredients of a democratic society." Justify the statement. **5**

**OR**

(b) 'Democracy in India has strengthened the claim for equal status and equal opportunities.' Justify the statement. **5**



ZOLLEGE.in

10. (क) "प्रौद्योगिकी, वैश्वीकरण के आधुनिक रूप में एक महत्त्वपूर्ण शक्ति है ।" उपयुक्त उदाहरणों के साथ कथन की व्याख्या कीजिए । 5

**अथवा**

(ख) "वैश्वीकरण का प्रभाव एकसमान नहीं रहा है ।" उपयुक्त उदाहरणों के साथ कथन की व्याख्या कीजिए । 5

## खण्ड – घ

**(केस आधारित प्रश्न)** $4 \times 2 = 8$

11. निम्नलिखित स्रोत को ध्यानपूर्वक पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 4

**भारत में राष्ट्रवाद**

यूरोप में आधुनिक राष्ट्रवाद के साथ ही राष्ट्र-राज्यों का भी उदय हुआ । इससे अपने बारे में लोगों की समझ बदलने लगी । वे कौन हैं, उनकी पहचान किस बात से परिभाषित होती है, यह भावना बदल गई । उनमें राष्ट्र के प्रति लगाव का भाव पैदा होने लगा । नए प्रतीकों और चिह्नों ने, नए गीतों और विचारों ने नए संपर्क स्थापित किए और समुदायों की सीमाओं को दोबारा परिभाषित कर दिया । ज़्यादातर देशों में इस नयी राष्ट्रीय पहचान का निर्माण एक लंबी प्रक्रिया में हुआ । आइए देखें कि हमारे देश में यह चेतना किस तरह पैदा हुई ?

दूसरे उपनिवेशों की तरह भारत में भी आधुनिक राष्ट्रवाद के उदय की परिघटना उपनिवेशवाद विरोधी आंदोलन के साथ गहरे तौर पर जुड़ी हुई थी । औपनिवेशिक शासकों के ख़िलाफ संघर्ष के दौरान लोग आपसी एकता को पहचानने लगे थे । उत्पीड़न और दमन के साझा भाव ने विभिन्न समूहों को एक-दूसरे से बाँध दिया था । लेकिन हर वर्ग और समूह पर उपनिवेशवाद का असर एक जैसा नहीं था । उनके अनुभव भी अलग थे और स्वतंत्रता के मायने भी भिन्न थे । महात्मा गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस ने इन समूहों को इकट्ठा करके एक विशाल आंदोलन खड़ा किया । परंतु इस एकता में टकराव के बिंदु भी निहित थे ।

11.1 राष्ट्र के प्रति लोगों की समझ क्या थी ? 1

11.2 आधुनिक राष्ट्रवाद का विकास उपनिवेश विरोधी आंदोलन से गहरे तौर पर किस प्रकार जुड़ा था ? 1

11.3 भारत के लोगों में सामूहिक अपनेपन की भावना किस प्रकार विकसित हुई ? स्पष्ट कीजिए । 2



ZOLLEGE.in

10. (a) "Technology is the vital force in the modern form of globalisation." Explain the statement with suitable examples. **5**

**OR**

(b) "The impact of globalisation has not been uniform." Explain the statement with suitable examples. **5**

## SECTION – D

### (Case Based Questions) $4 \times 2 = 8$

11. Read the following case carefully and answer the questions that follows : **4**

**Nationalism in India**

Modern nationalism in Europe came to be associated with the formation of nation-states. It also meant a change in people's understanding of who they were, and what defined their identity and sense of belonging. New symbols and icons, new songs and ideas forged new links and redefined the boundaries of communities. In most countries the making of this new national identity was a long process. How did this consciousness emerge in India ?

In India and as in many other colonies, the growth of modern nationalism is intimately connected to the anti-colonial movement. People began discovering their unity in the process of their struggle with colonialism. The sense of being oppressed under colonialism provided a shared bond that tied many different groups together. But each class and group felt the effects of colonialism differently, their experiences were varied, and their notions of freedom were not always the same. The Congress under Mahatma Gandhi tried to forge these groups together within one movement. But the unity did not emerge without conflict.

11.1 What was people's understanding of nation ? **1**

11.2 How was the growth of modern nationalism intimately connected to the anti-colonial movement ? **1**

11.3 How did people in India develop a sense of collective belonging ? Explain. **2**



ZOLLEGE.in

12. निम्नलिखित केस को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 4

**पर्यटन**

पिछले तीन दशकों में भारत में पर्यटन उद्योग में महत्त्वपूर्ण वृद्धि हुई है । 150 लाख से अधिक व्यक्ति पर्यटन उद्योग में प्रत्यक्ष रूप से संलग्न हैं । पर्यटन राष्ट्रीय एकता को प्रोत्साहित करता है तथा स्थानीय हस्तकला व सांस्कृतिक उद्यमों को प्रश्रय देता है । अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर यह हमारी संस्कृति तथा विरासत की समझ विकसित करने में सहायक है । विदेशी पर्यटक भारत में विरासत पर्यटन, पारि-पर्यटन (eco-tourism), रोमांचकारी पर्यटन, सांस्कृतिक पर्यटन, चिकित्सा पर्यटन तथा व्यापारिक पर्यटन के लिए आते हैं ।

देश के विभिन्न भागों में पर्यटन के विकास की अपार संभावनाएँ हैं । पर्यटन उद्योग के विकास हेतु विभिन्न प्रकार के पर्यटन को बढ़ावा देने के प्रयास किए जा रहे हैं ।

12.1 पर्यटन के महत्त्व को स्पष्ट कीजिए । 1

12.2 'विरासत-पर्यटन' का कोई एक उदाहरण दीजिए । 1

12.3 भारत में पर्यटन में सुधार के लाभों का आंकलन कीजिए । 2

## खण्ड – ङ

**(मानचित्र आधारित प्रश्न)** 1 + 2 = 3

13.1 दिए गए भारत के रेखा मानचित्र पर निम्नलिखित जानकारी की सहायता से 'A' के रूप में चिह्नित स्थान की पहचान कीजिए और उसके पास खींची गई रेखा पर उसका सही नाम लिखिए :

(A) वह स्थान जहाँ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन सितंबर 1920 में हुआ था । 1

13.2 दिए गए भारत के इसी रेखा मानचित्र पर निम्नलिखित को अंकित कीजिए और उनके नाम लिखिए :

I. (क) रामागुंडम् तापीय ऊर्जा संयंत्र 1

**अथवा**

(ख) पुणे सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क 1

II. चेन्नई (मीनाम्बकम) अंतर्राष्ट्रीय हवाई-पत्तन 1

**नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल प्रश्न संख्या 13 के स्थान पर दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए है :**

13.1 उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ जलियाँवाला बाग हत्याकांड हुआ था । 1

13.2 (क) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ रामागुंडम् तापीय ऊर्जा संयंत्र स्थित है । 1

**अथवा**

(ख) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ पुणे सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क स्थित है । 1

13.3 उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ चेन्नई मीनाम्बकम अंतर्राष्ट्रीय हवाई-पत्तन स्थित है । 1



ZOLLEGE.in

12. Read the following case and answer the questions that follows : **4**

**Tourism**

Tourism in India has grown substantially over the last three decades. More than 15 million people are directly engaged in the tourism industry. Tourism also promotes national integration, provides support to local handicrafts and cultural pursuits. It also helps in the development of international understanding about our culture and heritage. Foreign tourists visit India for heritage tourism, eco tourism, adventure tourism, cultural tourism, medical tourism and business tourism.

There is a vast potential for development of tourism in all parts of the country. Efforts are being made to promote different types of tourism for this upcoming industry.

12.1 Explain the importance of tourism. **1**

12.2 Give an example of 'Heritage tourism'. **1**

12.3 Assess the benefits of improving tourism in India. **2**

## SECTION – E

**(Map based questions)** **1 + 2 = 3**

13.1 On the given outline Political Map of India, identify the place marked as 'A' with the help of following information and write its correct name on the line marked near it :

(A) The place where Indian National Congress Session was held in September, 1920. **1**

13.2 On the same given Map of India, locate and label the following :

I. (a) Ramagundam Thermal Plant **1**

**OR**

(b) Pune Software Technology Park. **1**

II. Chennai (Meenambakam) International Airport. **1**

**Note : The following questions are for Visually Impaired Candidates only in lieu of Q. NO. 13.**

13.1 Name the state where Jallianwala Bagh Massacre took place. **1**

13.2 (a) Name the State where Ramagundam Thermal Power is located. **1**

**OR**

(b) Name the State where Pune Software Technology Park is located. **1**

13.3 Name the State where Chennai (Meenambakam) International Airport is located ? **1**



ZOLLEGE.in

ZOLLEGE.in

प्रश्न सं. **13** के लिए मानचित्र
Map for Q. No. **13**




यहाँ से काटें ---- Cut Here ---- यहाँ से काटें ---- Cut Here




ZOLLEGE.in

*



ZOLLEGE.in